पीलीभीत पुलिस

# प्रेस नोट
# थाना बरखेड़ा
# दिनांक 17.04.2025

## थाना बरखेड़ा पुलिस द्वारा 24 घण्टे के अन्दर कुंडल लूट की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए घटना कारित करने वाले 02 शातिर अभियुक्तगण को बाद पुलिस मुठभेड़ घायल/गिरफ्तार व 01 सुनार को लूटे गये कान के कुंडल पीली धातु, बिक्री धनराशि कुल 7700/- रूपये, 02 मोबाइल व घटना में प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल सहित किया गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक जनपद पीलीभीत के कुशल निर्देशन व श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय व क्षेत्राधिकारी बीसलपुर के नेतृत्व में गठित टीमों द्वारा थाना बरखेड़ा पर पंजीकृत **मु0अ0सं0 108/2025 धारा 309(4),317(2), 111(2)b बीएनएस व मु0अ0सं0 109/25 धारा 309(4),317(2),111(2)b,317(4) BNS** में लूट की घटना कारित करने वाले **02 शातिर अभियुक्त गण 1.जगन्नाथ उर्फ जग्गू पुत्र तिलकराम निवासी ग्राम वेलाडांडी थाना वरखेडा पीलीभीत 2. राहुल गंगवार पुत्र रमेश चन्द गंगवार निवासी ग्राम वेलाडांडी थाना बरखेडा जनपद पीलीभीत** को दिनांक 16.04.2025 को सीसीटीवी फुटेज मे दिख रहे संदिग्ध व्यक्तियों के हुलिया मिलान व चैकिंग संदिग्ध वाहन व व्यक्ति के दौरान थाना क्षेत्रान्तर्गत राहगीरों से लूटे गये एक अदद कान का कुंडल पीली धातु व 03 अदद कुन्डल पीली धातु की बिक्री धनराशि कुल 7700/- रूपये नकद व 02 अदद मोबाइल व घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोटरसाइकिल हीरो स्पलेंडर प्लस रंग काला रजि0 नं0 UP26AQ5280 सहित भैसहा ग्वालपुर मोड से व लूट का माल खरीदने वाले एक **सुनार 3. सौरभ वर्मा पुत्र विनोद कुमार निवासी मो0 दुवे कस्वा व थाना बीसलपुर जनपद पीलीभीत** को लूट से सम्बन्धित खरीदे गये एक कुंडल सहित कस्बा बीसलपुर से गिरफ्तार किया गया। अभि0 गण के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटनाओ का संक्षिप्त विवरण— दिनांक 16.04.2025 **को वादी श्री रंगीलाल पुत्र श्री लोकीराम निवासी ग्राम मचवाखेडा थाना बरखेडा जनपद पीलीभीत** की पुत्री के कानों के कुंडल 02 अज्ञात मोटर साईकिल सवारों द्वारा जबरदस्ती लूट ले जाने के सम्बन्ध में थाना हाजा पर मु0अ0सं0- 108/2025 धारा 304(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया व दिनांक 16.04.2025 को ही वा**दी श्री लालाराम पुत्र श्री डालचन्द्र निवासी ग्राम कैम थाना न्यूरिया जिला पीलीभीत** की पत्नी के दाहिने कान का एक कुन्डल 02 अज्ञात मो0सा0 सवारों के द्वारा

जबरदस्ती लूट ले जाने के सम्बन्ध मे थाना हाजा पर मु0अ0सं0- 109/2025 धारा 304(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

**उपरोक्त लूट की घटनाओं की गंभीरता व संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण हेतु श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी बीसलपुर के नेतृत्व में 06 टीमों का गठन किया गया। इसी क्रम में टीमों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत व थाना बीसलपुर क्षेत्रान्तर्गत के कई सीसीटीवी कैमरों की मदद ली गयी। धरातलीय सूचनाओं व इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों एवं सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से संदिग्ध मोटर-साईकिल सवारों की फुटेज के आधार पर अज्ञात अभियुक्तों के सम्बन्ध में अहम साक्ष्य प्राप्त हुये, जिसके क्रम में दिनांक 16.04.2025 को अभियुक्त गण 1.जगन्नाथ उर्फ जग्गू पुत्र तिलकराम निवासी ग्राम वेलाडांडी थाना बरखेडा पीलीभीत 2.राहुल गंगवार पुत्र रमेश चन्द गंगवार निवासी ग्राम वेलाडांडी थाना बरखेड़ा जनपद पीलीभीत को थाना क्षेत्रान्तर्गत राहगीरो से लूटे गये माल व नगदी के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त गण की निशादेही पर लूट का माल खरीदने वाले एक सुनार 3. सौरभ वर्मा पुत्र विनोद कुमार निवासी मो0 दुवे कस्वा व थाना बीसलपुर जनपद पीलीभीत को लूट से सम्बन्धित खरीदे गये एक कुंडल सहित कस्बा बीसलपुर से गिरफ्तार किया गया**

**<u>पूछताछ का विवरणः-</u>** पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर अभियुक्त गण 1.जगन्नाथ उर्फ जग्गू पुत्र तिलकराम निवासी ग्राम वेलाडांडी थाना वरखेडा पीलीभीत 2. राहुल गंगवार पुत्र रमेश चन्द गंगवार निवासी ग्राम वेलाडांडी थाना बरखेडा जनपद पीलीभीत द्वारा सामूहिक रुप से स्वीकार किया गया कि दिनांक 16.04.2025 को समय करीब 11.30 बजे छोटी चीनी मिल के पास साईकिल से आ रहे एक व्यक्ति जिसके पीछे महिला बैठी थी उसके कान के कुंडल हम लोगों ने जबरदस्ती लूट लिये थे, जो हमें सोने का झोल चढे हुए लगे इसलिये हम दोनों ने दौलतपुर रोड पर चलती फिरती किसी महिला को 200 रुपये मे बेच दिये थे, जो पैसे पुलिस ने बरामद कर लिये हैं।

पहली घटना में हम लोगों के हाथ ज्यादा कुछ नही लगा तो समय करीब 12.00 बजे मंगलम बारात घर के पास साईकिल से जा रहे एक व्यक्ति की साईकिल पर पीछे बैठी महिला से एक कुंडल जबरदस्ती लूट लिया तथा दूसरे कुंडल को लूटने का प्रयास किया तभी महिला शोर मचाने लगी जिससे हम लोग भाग गये। लूट के कुंडल हम लोगों ने कस्बा बीसलपुर मे बाराह पत्थर रोड पर छोटे चौराहे के पास बालाजी ज्वैलर्स को 7500/- रुपये मे बेच दिए। अभियुक्तों की जुर्म इकबाली के आधार पर माल बरामद कर सुनार को गिरफ्तार करते हुए वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम पता</u> –**

1.जगन्नाथ उर्फ जग्गू पुत्र तिलकराम निवासी ग्राम वेलाडांडी थाना बरखेडा पीलीभीत

2.राहुल गंगवार पुत्र रमेशचन्द गंगवार नि0ग्राम वेलाडांडी थाना बरखेडा जनपद पीलीभीत

3.सौरभ वर्मा पुत्र विनोद कुमार नि0 मो0 दुवे कस्वा व थाना बीसलपुर जनपद पीलीभीत **(सुनार)**

**<u>अभियुक्तगण का आपराधिक इतिहास</u>**

**अभियुक्त जगन्नाथ उर्फ जग्गू**

1. मु0अ0सं0 168/2019 धारा 392/411 भादवि थाना सुनगढी जनपद पीलीभीत
2. मु0अ0सं0 175/2020 धारा 392/411 भादवि थाना सुनगढी जनपद पीलीभीत
3. मु0अ0सं0 264/2020 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना सुनगढी जनपद पीलीभीत
4. मु0अ0सं0 45/2012 धारा 380/457 भादवि थाना बीसलपुर जनपद पीलीभीत
5. मु0अ0सं0 59/2012 धारा 380/411 भादवि थाना बीसलपुर जनपद पीलीभीत
6. मु0अ0सं0 687/2011 धारा 457/380/411 भादवि थाना बीसलपुर जनपद पीलीभीत
7. मु0अ0सं0 108/2025 धारा 309(4)/317(2)/111(2)b बीएनएस थाना बरखेड़ा जनपद पीलीभीत
8. मु0अ0सं0 191/2020 धारा 392/411 भादवि थाना कोतवाली जनपद पीलीभीत
9. मु0अ0सं0 109/25 धारा 309(4)/317(2)/111(2)b/317(4) बीएनएस थाना बरखेड़ा जनपद पीलीभीत

**अभियुक्त राहुल गंगवार उपरोक्त**

1. मु0अ0सं0 108/2025 धारा 309(4)/317(2)/111(2)b बीएनएस थाना बरखेड़ा जनपद पीलीभीत
2. मु0अ0सं0 109/25 धारा 309(4)/317(2)/111(2)b/317(4) बीएनएस थाना बरखेड़ा जनपद पीलीभीत

**बरामदगी का विवरण-**

एक अदद कान का कुंडल, पीली धातु

दो अदद मोबाइल फोन

घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोटरसाईकिल हीरो स्पलेंडर प्लस रंग काला रजिस्ट्रेशन नं0 UP26AQ5280

नकदी 7700/- रूपये

**गिरफ्तारी करने वाली टीम का विवरण-**

1. श्री प्रदीप कुमार विश्नोई प्रभारी निरीक्षक
2. व0उ0नि0 श्री महेन्द्र सिंह
3. उ0नि0 श्री अजीत सिसौदिया
4. उ0नि0 श्री सन्दीप सिंह
5. हे0का0 शमसुद्धीन
6. का0 मोनू कुमार
7. का0 अंकित कुमार

**एसओजी टीम पीलीभीत**